# CBSE Class 12 Sociology Important Questions Chapter 2 भारतीय समाज की जनसांख्यिकीय संरचना

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
जन सांख्यिकीय संक्रमण सिद्धान्त क्या है ?
उत्तर:
जन सांख्यिकीय संक्रमण सिद्धान्त का तात्पर्य है-जनसंख्या वृद्धि आर्थिक विकास के समग्र स्तरों से जुड़ी होती है।

प्रश्न 2.
विश्व में आधुनिक किस्म की जनगणना सर्वप्रथम कब और कहाँ पर आरम्भ हुई थी?
अथवा
विश्व में आधुनिक किस्म की जनगणना सर्वप्रथम किस देश में प्रारंभ हुई थी?
उत्तर:
सन् 1790 में अमेरिका में आरम्भ हुई थी।

प्रश्न 3.
जनसंख्या स्थिर कब मानी जाती है ?
उत्तर:
जब जन्म दर और मृत्यु दर के बीच अन्तर शून्य हो जाता है तो जनसंख्या स्थिर मानी जाती है।

प्रश्न 4.
जनसंख्या विस्फोट क्यों होता है?
उत्तर:
जब किसी देश में जनसंख्या वृद्धि दर बहुत उच्च होती है, तो वहाँ जनसंख्या विस्फोट होता है।

प्रश्न 5.
माल्थस के द्वारा जनसंख्या नियंत्रण के लिए कौनसे दो तरीके बताये गये हैं ?
उत्तर:

1. यौन संयम अथवा अधिक उम्र में विवाह
2. प्राकृतिक निरोध।

प्रश्न 6.
किस विचारक ने कहा था, कि जनसंख्या वृद्धि ज्यामितीय रूप में लेकिन उसी दौरान खाद्यान्नों का उत्पादन गणितीय क्रम में बढ़ता है?

उत्तर:
माल्थस ने।

प्रश्न 7.
डेमोग्राफी को हिन्दी में क्या कहते हैं?
उत्तर:
डेमोग्राफी को हिन्दी में जनसांख्यिकी कहते हैं।

प्रश्न 8.
शिशु मृत्यु दर किसे कहते हैं ?
उत्तर:
प्रति 1000 जीवित बच्चों में से एक वर्ष के दौरान मरने वाले बच्चों के औसत प्रतिशत को शिशु मृत्यु दर कहा जाता है।

प्रश्न 9.
स्त्री-पुरुष अनुपात से क्या तात्पर्य है?
उत्तर:
किसी क्षेत्र विशेष में प्रति 1000 पुरुषों के पीछे स्त्रियों की संख्या को स्त्री-पुरुष अनुपात कहा जाता है।

प्रश्न 10.
2011 की जनगणना के अनुसार भारत की कुल जनसंख्या कितनी है?
उत्तर:
121 करोड़।

प्रश्न 11.
वह कौनसा वर्ष था जबकि जनसंख्या वृद्धि की अपेक्षा प्रथम बार जनसंख्या में गिरावट आई और कितनी?
अथवा
भारत में किस सन् में जनसंख्या वृद्धि की अपेक्षा पहली बार गिरावट आयी?
उत्तर:
सन् 1921 में 0.03 प्रतिशत की गिरावट आई।

प्रश्न 12.
भारत में मृत्यु दर में गिरावट के कोई दो कारण बताइए।
उत्तर:

1. चिकित्सा और स्वास्थ्य सुविधाओं में वृद्धि
2. शिक्षा और जागरूकता।

प्रश्न 13.
भारत के किस राज्य में प्रजनन दर प्रतिस्थापन दर के नीचे है?
उत्तर:
केरल में प्रजनन दर प्रतिस्थापन स्तर के नीचे है।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 14.
भारत में जनसंख्या के आयु वर्ग में सबसे बड़ा आयु वर्ग कौनसा है?
उत्तर:
भारत की जनसंख्या में सबसे बड़ा आयु वर्ग 15 से 60 वर्ष के आयु वर्ग का है।

प्रश्न 15.
भारत की जनसंख्या में सबसे छोटा आयु वर्ग कौन-सा है?
उत्तर:
भारत की जनसंख्या में सबसे छोटा आयु वर्ग 60 से अधिक का आयु वर्ग है।

प्रश्न 16.
भारत में सर्वाधिक स्त्री-पुरुष अनुपात तथा सबसे कम स्त्री-पुरुष अनुपात किन राज्यों का है?
उत्तर:
भारत में सर्वाधिक स्त्री-पुरुष अनुपात केरल में और सबसे कम स्त्री-पुरुष अनुपात बिहार में है।

प्रश्न 17.
भारत के उस राज्य का नाम बताइए जहाँ पर बाल स्त्री-पुरुष अनुपात सबसे कम है।
उत्तर:
वह राज्य पंजाब है।

प्रश्न 18.
'ऐस्से आन पॉपुलेशन' पुस्तक के लेखक कौन हैं ?
उत्तर:
थॉमस रोबर्ट माल्थस।

प्रश्न 19.
सन् 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में स्त्री-पुरुषों में साक्षरता का प्रतिशत कितना है?
उत्तर:
स्त्रियों और पुरुषों में साक्षरता का प्रतिशत क्रमशः 64.6 और 80.9 है।

प्रश्न 20.
भारत में सर्वाधिक और सबसे कम साक्षरता किन राज्यों में पाई जाती है?
उत्तर:
केरल में सर्वाधिक और बिहार में सबसे कम साक्षरता पाई जाती है।

प्रश्न 21.
एमिल दुर्खाइम ने आत्महत्या की दर के सन्दर्भ में क्या कहा था?
उत्तर:
एमिल दुर्खाइम का कहना था कि आत्महत्या की दर को सामाजिक कारणों के द्वारा स्पष्ट करना ही जरूरी है।

प्रश्न 22.
भारत में नगरों में जनसंख्या वृद्धि के दो कारण बताइए।
उत्तर:

1. नगरों में रोजगार के साधन
2. उच्च जीवन स्तर की सुविधा।

लघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
जनसांख्यिकी शब्द की उत्पत्ति कैसे हुई है तथा इसका अर्थ क्या है?
उत्तर:
जनसांख्यिकी को आंग्ल भाषा में 'डेमोग्राफी' कहा जाता है जिसकी उत्पत्ति यूनानी भाषा के 'डेमोस' और 'ग्राफीन' शब्दों से मिलकर हुई है जिसका अर्थ है-लोगों का वर्णन।

प्रश्न 2.
आकारिक जनसांख्यिकी और सामाजिक जनसांख्यिकी में क्या अन्तर है?
उत्तर:
आकारिक जनसांख्यिकी में जनसंख्या के आकार का अध्ययन किया जाता है जबकि सामाजिक जनसांख्यिकी में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक पक्षों का अध्ययन किया जाता है।

प्रश्न 3.
विश्व में स्त्री-पुरुष अनुपात स्त्रियों के पक्ष में क्यों है?
उत्तर:
विश्व में स्त्री-पुरुष अनुपात स्त्रियों के पक्ष में है क्योंकि

1. शैशवावस्था में बालिका शिशुओं में बालक शिशुओं की अपेक्षा रोग-प्रतिरोधक-क्षमता अधिक होती है।
2. अधिकांश समाजों में स्त्रियाँ पुरुषों की तुलना में अधिक वर्षों तक जीवित रहती हैं।

प्रश्न 4.
भारत में राष्ट्रीय जनसंख्या नीति के दो उद्देश्य बताइये।
उत्तर:

1. जन्म नियंत्रण के विभिन्न उपायों के माध्यम से जनसंख्या वृद्धि दर को धीमा करना।
2. जन-स्वास्थ्य के मानक स्तरों में सुधार करना।

प्रश्न 5.
जन्म दर और मृत्यु दर से आप क्या समझते हैं ?
उत्तर:
जन्म दर-एक निर्धारित अवधि में प्रति एक हजार जनसंख्या के पीछे जीवित उत्पन्न हुए बच्चों की संख्या को जन्म दर कहा जाता है। मृत्यु दर प्रति एक हजार जनसंख्या के पीछे एक निर्धारित अवधि में होने वाली मृत्यु की संख्या को मृत्यु दर कहा जाता है।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 6.
जनसांख्यिकी विषय के अन्तर्गत जनसंख्या से संबंधित किन रुझानों तथा प्रक्रियाओं का अध्ययन किया जाता है?
उत्तर:
जनसांख्यिकी के अन्तर्गत जनसंख्या से संबंधित, जनसंख्या के आकार में परिवर्तन, जन्म, मृत्यु तथा प्रवसन के स्वरूप और जनसंख्या की संरचना और गठन जिसमें स्त्रियों, पुरुषों और विभिन्न आयु वर्ग के लोगों के अनुपात आदि का अध्ययन किया जाता है।

प्रश्न 7.
18वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में यूरोप में कौन सी दो भिन्न प्रक्रियायें लगभग एक साथ घटित हुईं?
उत्तर:
18वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में यूरोप में दो भिन्न-प्रक्रियाएँ लगभग साथ - साथ घटित हुईं

1. राजनीतिक संगठन के रूप में राष्ट्र-राज्य की स्थापना।
2. आंकड़ों से संबंधित आधुनिक विज्ञान सांख्यिकी की शुरूआत।

प्रश्न 8.
राज्य द्वारा सामाजिक आंकड़े इकट्ठे करने का आधुनिक रूप कब अस्तित्व में आया?
उत्तर:
राज्य द्वारा सामाजिक आंकड़े इकट्ठे करने का आधुनिक रूप 18वीं शताब्दी के अन्तिम वर्षों में अस्तित्व में आया। अमेरिका की सन् 1790 की जनगणना संभवतः सबसे पहली आधुनिक किस्म की जनगणना थी।

प्रश्न 9.
जनसंख्या संवृद्धि दर से क्या तात्पर्य है ? यह कितने प्रकार की होती है?
उत्तर:
जनसंख्या संवृद्धि दर का तात्पर्य है-जन्म और मृत्यु दर के बीच का अन्तर। जनसंख्या संवृद्धि दर तीन प्रकार की होती है।

1. प्रतिस्थापन (स्थिर) संवृद्धि दर
2. ऋणात्मक संवृद्धि दर और
3. धनात्मक या ऊँची संवृद्धि दर।

प्रश्न 10.
जनसंख्या वृद्धि की प्रतिस्थापन दर से क्या तात्पर्य है ?
उत्तर:
जब जन्म दर और मृत्यु दर के बीच का अन्तर शून्य (अथवा व्यावहारिक रूप से नगण्य) होता है, तब हम इसे प्रतिस्थापन या स्थिर संवृद्धि दर कहते हैं। इस स्थिति में जितने लोग मरते हैं, उनका स्थान भरने के लिए उतने ही नए बच्चे जन्म लेते हैं।

प्रश्न 11.
ऋणात्मक संवृद्धि दर क्या है ? ऐसे किन्हीं तीन देशों के नाम लिखिये, जिनकी वर्तमान में संवृद्धि दर ऋणात्मक है।

उत्तर:
जब किसी समाज का प्रजनन शक्ति स्तर प्रतिस्थापन दर से नीचा रहता है, तो वह ऋणात्मक संवृद्धि दर की स्थिति से गुजरता है। वर्तमान में जापान, रूस और इटली की संवृद्धि दर ऋणात्मक है।

प्रश्न 12.
प्रजनन दर का क्या अर्थ है ?
उत्तर:
प्रजनन दर का अर्थ है-बच्चे पैदा कर सकने की आयु (15 से 49 वर्ष तक) वाली प्रति 1000 स्त्रियों की इकाई के पीछे जीवित जन्में बच्चों की संख्या।

प्रश्न 13.
शिशु मृत्यु दर एवं मातृ-मृत्यु दर का क्या अर्थ है ?
उत्तर:
शिशु मृत्यु दर - शिशु मृत्यु दर उन बच्चों की मृत्यु की संख्या दर्शाती है जो जीवित पैदा हुए 1000 बच्चों में से एक वर्ष की आयु प्राप्त होने से पहले ही मौत के मुंह में चले जाते हैं।
मातृ - मृत्यु दर-मातृ-मृत्यु दर उन स्त्रियों की संख्या की सूचक है जो जीवित प्रसूति के 1000 मामलों में अपने बच्चों को जन्म देते समय मृत्यु को प्राप्त हो जाती हैं।

प्रश्न 14.
आयु - संभाविता की गणना किस आधार पर की जाती है ?
उत्तर:आयु - संभाविता की गणना किसी क्षेत्र विशेष में एक निश्चित अवधि के
दौरान एक आयु विशेष में मृत्यु दर सम्बन्धी आंकड़ों के आधार पर की जाती है।

प्रश्न 15.
भारत में गिरते हुए स्त्री-पुरुष अनुपात के दो सामाजिक कारक बताइये।
उत्तर:
भारत में स्त्री-पुरुष अनुपात घटता जा रहा है क्योंकि यहाँ

1. बेटों को बेटियों से अधिक पसंद किया जाता है।
2. बालिका शिशुओं की उपेक्षा की जाती है।

प्रश्न 16.
जनसंख्या की आयु संरचना से क्या तात्पर्य है और यह किनके अनुसार बदलती रहती है ?
उत्तर:
जनसंख्या की आयु संरचना से तात्पर्य है कि कुल जनसंख्या के विभिन्न आयु वर्गों में व्यक्तियों का अनुपात क्या है। यह विकास और औसत आयु संभाविता के स्तरों में होने वाले परिवर्तनों के अनुसार बदलती रहती है।

प्रश्न 17.
पराश्रित वर्ग में किन्हें शामिल किया जाता है?
उत्तर:
पराश्रित वर्ग में ऐसे बुजुर्ग लोग आते हैं जो अपने बुढ़ापे के कारण काम नहीं कर सकते और ऐसे बच्चे भी आते हैं जो इतने छोटे हैं कि काम नहीं कर सकते।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 18.
गिरता हुआ पराश्रितता अनुपात आर्थिक संवृद्धि का स्रोत कैसे बन सकता है ?
उत्तर:
गिरता हुआ पराश्रितता अनुपात आर्थिक संवृद्धि और समृद्धि का स्रोत बन सकता है क्योंकि वहाँ कार्यशील लोगों का अनुपात काम न करने वालों की तुलना में बहुत अधिक बड़ा होता है।

प्रश्न 19.
1911 से 1921 के बीच भारत की संवृद्धि दर ऋणात्मक क्यों रही?
उत्तर:
1911 से 1921 के बीच भारत की संवृद्धि दर -0.03 प्रतिशत रही क्योंकि 1918-19 के दौरान इंफ्लूएंजा महामारी का भीषण तांडव रहा जिसने लगभग 1.25 करोड़ लोगों यानी देश की कुल जनसंख्या के 5 प्रतिशत अंश को मौत के मुँह में धकेल दिया था।

प्रश्न 20.
1921 के बाद भारत में महामारियों पर नियंत्रण कैसे पाया गया?
उत्तर:
1921 के बाद भारत में ज्वर, प्लेग, चेचक जैसी बीमारियों के उपचार में किये गये सुधारों, बड़े पैमाने पर चलाए गए टीकाकरण कार्यक्रमों और व्यापक रूप से संचालित स्वच्छता अभियानों ने महामारियों को नियंत्रित करने में सहायता की।

प्रश्न 21.
अमर्त्य सेन ने अकाल के क्या कारण बताये हैं ?
उत्तर:
अमर्त्य सेन के अनुसार अनाज के उत्पादन में गिरावट आने तथा भोजन खरीदने या किसी तरह से प्राप्त करने की लोगों की अक्षमता के कारण अकाल पड़ते रहे हैं।

प्रश्न 22.
भारत के कुछ सम्पन्न क्षेत्रों में लिंग-अनुपात के गिरावट के दो कारण बताइये।
उत्तर:
भारत के कुछ सम्पन्न क्षेत्रों में लिंग-अनुपात के गिरावट के कारण ये हैं

1. लिंग विशेष का गर्भपात कराना जिससे लड़कियों को पैदा ही नहीं होने दिया जाता।
2. चयनात्मक आधार पर बालिका भ्रूण को गर्भ में ही नष्ट कर दिया जाता है।